# NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR

WELCOME

TO

# GYAN DHARA

(Central Library)

# NUJ this month


| Sr. No | Date | Name of News Paper | News Related to | Page No |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29-08-2024 | सच बेधड़क | जे–गेट प्लेटफार्म शोध को नई दिशा मे ंदेने में सहायक | 1 |
| 2 | 22-08-2024 | सच बेधड़क | आपसी सम्मान के सिद्धांतो को बनाए रखने का संकल्प | 2 |
| 3 | 22-08-2024 | सच बेधड़क | प्रवेश प्रारम्भ विज्ञापन | 3 |
| 4 | 15-08-2024 | राजस्थान पत्रिका | निर्वाण विवि में हुआ कार्यक्रम राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस मनाया | 4 |

# सच बेधड़क

***29-08-2024***

**कार्यशाला** | **निर्वाण विवि में "इफेक्टिव यूज़ ऑफ जे-गेट नेक्स्ट" विषय पर कार्यशाला**

## जे-गेट प्लेटफार्म शोध को नई दिशा में देने में सहायक

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी की निर्वाण विश्वविद्यालय के सेंट्रल लाइब्रेरी "ज्ञान धारा" और आईक्यूएसी के सयुंक्त तत्वावधान में "इफेक्टिव युज़ ऑफ जे-गेट नेक्स्ट" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता इंफोमेंटिक्स पब्लिशिंग लिमिटेड के अजय सहाय रहे।

इस दौरान सहाय ने जे-गेट 3.0 के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी, जो की एक अत्याधुनिक शोध प्लेटफार्म है। इस पर शोधकर्ता विभिन्न शोध पत्रिका, जरनल और लेख आसानी से सर्च कर सकते हैं और साथ ही फ्री एक्सेस भी कर सकते हैं। इस जे-गेट 3.0 पर शोधार्थी अपना प्रोफ़ाइल बना सकते हैं। साथ ही इसके एडवांस फिचरस की भी जानकारी इस कार्यशाला में दी गई। निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग ने इस अवसर पर कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल उपकरणों के युग में हमारे शोधार्थियों के लिए अत्याधुनिक संसाधनों का उपयोग करना अत्यावश्यक हो गया है। जे-गेट जैसे प्लेटफार्म शोध को एक नई दिशा प्रदान करने में सहायक साबित हो सकते हैं। शोधार्थियों के लिए विशेष रूप से यह कार्यशाला आयोजित कि गयी है।



### ई-रिसोर्सेज और डिजिटल सुविधाओं का ले सकेंगे लाभ

वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने कहा कि जे-गेट नेक्स्ट हमारे छात्रों, शोधार्थियों और फैकल्टी के लिए एक उत्कृष्ट उपकरण है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से शोधार्थी न केवल अपने विषय में गहरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि नए विचारों और दृष्टिकोणों के साथ अपने शोध को और समृद्ध बना सकते हैं। निर्वाण विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी ज्ञान धारा की हैड लाइब्रेरियन, डॉ. रीना आनंद ने जानकारी दी कि जे-गेट नैक्सट एक एडवांस प्लेटफार्म है जिसके माध्यम से ई-रिसोर्सेज और डिजिटल सुविधाओं का लाभ लिया जा सकता है, हमारे शोधकर्ता नवीनतम और उच्च गुणवत्ता वाली जानकारी तक पहुंच सकते हैं। इस कार्यशाला के द्वारा जे-गेट नैक्सट की एडवांस तकनीकों का उपयोग करने की विधियाँ सिखाई गई हैं, जिससे शोध की गुणवत्ता बढ़ेगी।

# सच बेधड़क

## *22-08-2024*

**कार्यक्रम** | निर्वाण विश्वविद्यालय में एंटी-रैगिंग दिवस मनाया

# आपसी सम्मान के सिद्धांतों को बनाए रखने का संकल्प

**बेधड़क**|जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर की एंटी रैगिंग कमेटी द्वारा एंटी रैगिंग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग और वाइस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। साथ ही यह भी कहा कि निर्वाण विश्वविद्यालय पूर्णरूप से रैगिंग मुक्त परिसर है। यहां रैगिंग की रोकथाम के लिए विशेष एंटी रैगिंग कमेटी भी नियुक्त की गई है जो समय समय पर रैगिंग के विरोध में जागरूकता कार्यक्रम करवाती है। यह एंटी रैगिंग कमेटी निर्वाण विश्वविद्यालय में रैगिंग पर कठोरता से निगरानी भी रखती है। एंटी रैगिंग दिवस पर निर्वाण विश्वविद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परिसर में एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी माहौल को बढ़ावा देना है। इस समारोह में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शपथ ग्रहण में विद्यार्थियों ने गरिमा, अखंडता और आपसी सम्मान के सिद्धांतों को बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों की इस सक्रिय भागीदारी से यह स्पष्ट हुआ कि वे एक रैगिंग मुक्त परिसर के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही निर्वाण विश्वविद्यालय में युजीसी ड्रग-फ्री इंडिया कैम्पेन के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के योग और वेलनेस सेंटर (OJAS) द्वारा आयोजित किया गया, जो संस्थान की नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ. कृष्णा अग्रवाल, सहायक प्रोफेसर, स्कूल ऑफ योग और शारीरिक शिक्षा ने जानकारी दी कि निर्वाण विश्वविद्यालय नशामुक्त भारत के राष्ट्रीय मिशन के प्रति कटिबद्ध है। निर्वाण विश्वविद्यालय का परिसर रैगिंग मुक्त और नशामुक्त परिसर है। ये सभी कार्यक्रम प्रोफेसर रेणु नागर, प्रोफेसर प्रीति शर्मा, डॉ. के.सी. सैनी, डॉ. कृष्णा शर्मा और श्री विकास चौधरी के निर्देशन में सम्पन्न हुए।



# सच बेधड़क

## *22-08-2024*



# NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
# निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर

Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No.2 of 2017 and recognised U/s 2(f) of the UGC Act 1956



# ADMISSIONS OPEN 2024-25

## REGISTER NOW

B.Com, M.Com | BCA, MCA | BDS, MDS
B.Tech., M.Tech. | B.Sc., M.Sc. | BA, MA
D.MLT, B.MLT | B.Pharm, D.Pharm | Yoga
BPT, MPT | B.Sc. Nursing | LL.B., LL.M.
B.Sc. (Hons.) Agri, M.Sc. (Ag) Agronomy, DAESI

## SALIENT FEATURES

- Industry Oriented Programmes
- Lush Green Campus
- Modern Infrastructure
- Highly Qualified & Committed Faculty
- Hi-Tech Labs
- Interdisciplinary Research Cell
- Innovative Teaching-Learning
- Placement Cell
- Wi-Fi- enabled Campus & Hostel
- Separate Hostel for Boys'& Girls'
- Transportation Facilities
- Sports Facilities
- Extra-Curricular Activities
- Admissions through CUET 2024-25

### INNOVATION CULTURE
**Inculcate the Spirit of Innovation:** Be part of a Culture that Fuels Creativityand Drives Progress

### BEST FACULTY
**Unlock Your Potential under the Guidance of the Best Faculty:** Empowering Minds and Shaping Futures

### TOP PLACEMENT
Elevate your Career to New Heights with Premier Placements, where Success Paves its way

### GLOBAL TIE-UPS
Broaden your Horizons and Seize Limitless Opportunities across the Globe through International Partnerships

idp | sas

**25+** STATES | **20000+** STUDENTS' NETWORK | **25 Yrs'** OF EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION

## MORE INFORMATION: +91 9289800300

MAIN CAMPUS : Nirwan University Jaipur, Near Bassi- Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur- 303305,
CITY OFFICE : 21, Sahkar Marg, 1st Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur – 302019 Rajasthan,
Call : +91 141- 2228000 | Email : info@nirwanuniversity.ac.in | Website : www.nirwanuniversity.ac.in

# राजस्थान पत्रिका

*15-08-2024*

निर्वाण विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

## राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस मनाया



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में पद्मश्री प्रो. एस.आर. रंगनाथन के जन्मदिवस के अवसर पर 'राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस' मनाया गया।

इस मौके पर चेयरमैन डॉ.एस.एल. सिहाग ने केंद्रीय पुस्तकालय ज्ञान धारा के वेब पेज को भी लॉन्च किया। डॉ.सिहाग ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी विश्वविद्यालय के अकादमिक विकास का प्रथम दर्पण होता है। विश्वविद्यालय के सीईओ एंड वाईस चेयरमेन डॉ.आर.के.अरोड़ा ने कहा कि पुस्तकालय सभी संकायों के लिए उपयोगी होता है। लाइब्रेरियन डॉ. रीना आनंद ने बताया कि केंद्रीय पुस्तकालय 'ज्ञान-धारा' की ओर से पुस्तकालय नवाचार के लिए सेमिनार आयोजित होती है।